एक नजर में

वाइब्रेंट क्लब की अंतिम बक्षी अध्यक्ष, सचिव पिंकी गोयल मनोनीत

मन्दसौर। वाइब्रेंट क्लब मंदसौर की संस्थापक अध्यक्ष सीए प्रजवी जैन ने बताया वाइब्रेंट क्लब की सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु बोर्ड मीटिंग आयोजित की गई जिसमें क्लब के आगामी वर्ष हेतु अध्यक्ष अंतिम बक्षी, सचिव पिंकी गोयल, उपाध्यक्ष सपना गोयल और दीपा जैन, कोषाध्यक्ष ममता चोपड़ा, सह सचिव स्वीटी चौधरी, प्रवक्ता रुचि गर्ग को मनोनीत किया। नवीन अध्यक्ष सहित नवीन कार्यकारिणी को क्लब के संस्थापक अध्यक्ष प्रजवि जैन, कल्पना ओसवाल, सुनीता कुदार, सोनल बाबेल और क्लब के सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

जनगणना कार्य में लगाए गए कर्मचारियों को नगर पालिका द्वारा कराई जा रही है ट्रेनिंग

मंदसौर। भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना कार्य अप्रैल 2026 को फरवरी 2027 में किया जाना है जनगणना कार्य के लिए मध्य प्रदेश शासन ने कर्मचारियों को दायित्व सौंप दिया है नगर पालिका के द्वारा इन्हीं कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल परिसर में किया जा रहा है कलेक्टर श्रीमती आदिति गर्ग के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य मंदसौर नगर पालिका सीएमओ व डिप्टी कलेक्टर अनीता चोकोटिया के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर राजेश ने जनगणना कार्य के लिए मंदसौर नगर के 40 वार्डों में लगाए गए कर्मचारियों को जनगणना कार्य का प्रशिक्षण दिया यह प्रशिक्षण कार्यशाला दिनांक 15,16 व 17 अप्रैल को हो रही है। जनगणना कार्य के लिए 19,21 व 22 अप्रैल व 23,24,25 अप्रैल को हुई है नगर पालिका के द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यशाला की पूरी व्यवस्था की गई है। मंदसौर नगर के लिए जनगणना कार्य में लगाए गए नगर पालिका कर्मचारी अजय मारोठिया, राजेंद्र नीमा, मंगेश राव नवले, शाहिद अब्बासी, अक्षय जैन एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आज 25 अप्रैल को इस तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन होगा। इस कार्य शाला में 90-90 कर्मचारियों को तीन सत्र में प्रशिक्षण दिया गया है। कुल 270 कर्मचारी को इस प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतर्गत प्रशिक्षण मिला है।

विजय राजेंद्रसूरीश्वरजी के जन्मोत्सव पर घर-घर गुरुदेव आराधना का आयोजन

मन्दसौर। अखिल भारतीय राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद के तत्वावधान में 'गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्रसूरीश्वरजी म.सा. के द्विशताब्दी जन्मोत्सव' (युगोत्सव) के आराधनार्थ घर-घर गुरूदेव की आराधना का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 'गुरु गुण इक्कीसा का पाठ एवं गुरुदेव की भक्ति' का लाभ जिनेन्द्र कुमार मारू परिवार ने लिया जिसमें श्री संघ के श्रावक एवं श्राविकाओं बड़े ही उत्साह के साथ उपस्थित होकर गुरुदेव के गुरुगुण इक्कीसा का पाठ एवं स्तवन कर गुरूदेव की भक्ति एवं आरती कर आराधना की।

आयोजन के दौरान लाभार्थी परिवार से ललितकुमार, विनयकुमार , दिनेशकुमार, अनिलकुमार, मनीषकुमार कमलेशकुमार, महावीर मारू ने गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण, नवकार महामंत्र का स्मरण कर आरती करी।

इस अवसर पर अ.भा.श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रेयांश हिंगड़, परिषद अध्यक्ष अजय कुमार फाफरिया, श्री संघ सचिव अशोक खाबिया, मूर्ति पूजक श्री संघ अध्यक्ष विजय सुराणा, परिषद के उपाध्यक्ष रोहित संघवी, नितेश पोरवाल, महामंत्री कमलेश सालेचा,पूर्व अध्यक्ष दिलीप कर्णावत, अजय लोढ़ा, मनोहर सोनगरा, सतीश लोढ़ा, अपूर्व डोसी, आदिश पोरवाल, कुलदीप मारवाड़ी, आयुष डोसी, उमेश चपरोत, अनिल खाबिया, अशोक कर्णावट, भारत कोठारी, प्रदीप हिंगड़, बाबूलाल पोरवाल, अशोक चपरोत,राजकुमार चपरोत, गौरव सुराणा, हेमंत चपरोत, मनीष चप्परोत, गजराज जैन, वीरेंद्र भंडारी, दिनेश कर्नावट, पारस जैन, महेंद्र जारोरी, विकास जैन, मनीष सेठी, अजीत संघवी, संजय माहेश्वरी, विकास अग्रवाल, हितेश भंडारी, शैलेन्द्र खत्री, संजय जब्राशाह, अखिलेश वकीलसा, अभय नाहटा, वीरेंद्र नाहटा, अनिल कर्णावत, विमल छिंगावत, कोमल कच्छारा, निलेश चपरोत एवं दिलीप संघवी आदि श्री संघ के महानुभाव उपस्थित थे। अंत में लाभार्थी परिवार द्वारा पधारे हुए श्री संघ के महानुभाव की संघ पूजा की जिसकी परिषद परिवार द्वारा अनुमोदना की गई।

ग्राम पंचायत दलौदा में आयोजित हुआ आयुष्मान आरोग्य शिविर

मन्दसौर। टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला कलेक्टर अदिति गर्ग के सानिध्य में तथा सीएमएचओ गोविंद सिंह चौहान, डॉ. आर. के. द्विवेदी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत दलौदा में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत दलौदा चौपाटी की सरपंच दुर्गा कैथवास द्वारा किया गया। सरपंच कैथवास ने शिविर में आम जन से अधिक से अधिक संख्या में जांच करवाने की अपील की। शिविर मे वजन, बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच करने के साथ ही 14वर्ष से अधिक आयु के लोगों के एक्सरे किए गए। शिविर में मेडिकल ऑफिसर मुकेश कुमावत के अलावा सीएचओ, एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

टोल प्लाजा अव्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज, केंद्रीय मंत्री से कार्रवाई की मांग

पिपलियामंडी।राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित टोल प्लाजा की कार्यप्रणाली को लेकर बढ़ते असंतोष के बीच किसान नेता श्यामलाल जोकचंद ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी को शिकायत पत्र भेजकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जोकचंद ने आरोप लगाया कि फास्टैग व्यवस्था के बावजूद कई टोल प्लाजा पर अनियमितताएं, अवैध वसूली और कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने नकद भुगतान पर दोगुना टोल वसूली को अनुचित बताते हुए कहा कि तकनीकी कारणों से नकद भुगतान करने पर भी वाहन चालकों को दंडित किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि कई स्थानों पर वैध फास्टैग होने के बावजूद स्कैनर खराब या टैग ब्लैकलिस्ट बताकर जबरन नकद वसूली की जाती है। साथ ही खातों से अधिक राशि कटने और एक ही टोल पर दो बार शुल्क कटने जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। किसान नेता ने टोल हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायतों का समय पर समाधान नहीं होता। उन्होंने स्थानीय निवासियों से बार-बार शुल्क वसूली और कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार के मामलों का भी उल्लेख किया।

जोकचंद ने मांग की कि नकद भुगतान पर दोगुना शुल्क व्यवस्था की समीक्षा कर इसे समाप्त या संशोधित किया जाए। साथ ही गलत वसूली की जांच कर उपभोक्ताओं को राशि लौटाने, टोल प्लाजा पर नियमों व शुल्क सूची को हिंदी व स्थानीय भाषा में प्रदर्शित करने तथा सीसीटीवी निगरानी और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने की मांग की है।

एक नजर — शिविर में भाग लेने से बच्चों में आत्म विश्वास बढ़ेगा : बड़जात्या

महावीर जिनालय महिला मंडल द्वारा समर कैंप का शुभारंभ

मन्दसौर। श्री दिगंबर जैन महावीर जिनालय के 144 वें स्थापना दिवस समारोह के अन्तर्गत महावीर जिनालय महिला मण्डल द्वारा सकल दिगम्बर जैन समाज के बच्चों के लिये 7 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन प्रारंभ किया गया।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर अतिथि के रूप में सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन उपस्थित हुए, अध्यक्षता महावीर जिनालय संरक्षक शांतिलाल बड़जात्या ने की। विशेष अतिथि के रूप में सकल जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष जयकुमार बड़जात्या, सकल दिगम्बर जैन समाज के महामंत्री संजय कोठारी, निर्मल कुमार झांझरी, राजकुमार पाटनी, भरतकुमार कोठारी, कमल कुमार विनायका तथा चांदमल काटीवाल मंचासीन थे। प्रारंभ में अतिथियों ने आचार्य विद्यासागरजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। अतिथि स्वागत महिला मंडल संयोजकगण टीला पाटनी, ज्योति बड़जात्या, शालिनी झांझरी, मंजुलता झांझरी, सीमा बड़जात्या रूनझुन पाटनी, चीना चाहिता बड़जात्या, नूपुर पाटनी योजना कोठारी, निकिता बाकलीवाल, सुरभि काटिवाल मंजरी बाकलीवाल आदि ने किया।

अतिथियों के साथ कैंप में प्रशिक्षण प्रदान करने वाली गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर इन डीओटी मण्डला आर्टिस्ट पलक मेहता व ब्लॉगर आर्टिस्ट योगिता जैन का भी स्वागत किया गया। दिनांक 23 से 29 अप्रैल तक चलने वाले शिविर में 5 से 10 वर्ष एवं 10 से 15 वर्ष के अलग अलग आयु वर्ग के बच्चों को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

ज्योति बड़जात्या ने बताया मण्डला आर्ट का प्रशिक्षण प्राप्त करना अत्यंत महंगा होता है किन्तु महिला मण्डल द्वारा नाम मात्र के रजिस्ट्रेशन शुल्क के साथ बच्चों के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सातों दिन की प्रशिक्षण प्राप्त करने की समस्त सामग्री भी बच्चों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। श्रीमती शालिनी झांझरी ने बताया प्रथम दिन समाज के 37 बच्चों ने शिविर में सहभागिता की। अभी लगातार बच्चों के नाम आ रहे हैं। शुभारंभ समारोह का संचालन डॉ. चंदा कोठारी ने किया, आभार टीला पाटनी ने व्यक्त किया।

नीमच

एक नजर में

बस स्टैंड पर भड़की आग—कचरे के ढेर से उठीं लपटें, पास खड़ी बस चपेट में; फायर ब्रिगेड ने टाला बड़ा हादसा

नीमच। केंट थाना क्षेत्र स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर शुक्रवार को अचानक कचरे के ढेर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने पास खड़ी एक कोठारी बस को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और तेजी से कार्रवाई करते हुए कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि जहां आग लगी, वहां बसों और ट्रकों के सर्विस सेंटर भी संचालित होते हैं और कई वाहन आसपास खड़े रहते हैं। यदि आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो नुकसान काफी बढ़ सकता था। प्राथमिक जानकारी के अनुसार कोठारी बस को बाहरी हिस्से में आंशिक नुकसान हुआ है, जबकि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। घटना के बाद कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी रही, लेकिन हालात जल्द ही सामान्य हो गए। स्थानीय लोगों की सतर्कता और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

कार बेकाबू होकर खेत में पलटी, एक युवक की मौत, शादी में जा रहे बिसलवास सोनगरा के दो युवक घायल

नीमच। जिले के जीरन थाना क्षेत्र में पालसोड़ा और अड़मलिया के बीच गुरुवार शाम एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब तीनों युवक एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, अड़मलिया से तीन युवक एक कार में सवार होकर पालसोड़ा में आयोजित एक शादी समारोह में भोजन व्यवस्था के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनकी कार अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे खेत में जा पलटी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को तुरंत पालसोड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नीमच जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने लोकेश पिता नंदकिशोर सेन (22 वर्ष), निवासी बिसलवास सोनगरा, को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में विशाल पिता विनोद सेन (20 वर्ष), निवासी बिसलवास सोनगरा और मनीष पिता पुरुषोत्तम कुमार नागदा (18 वर्ष), निवासी अड़मलिया, गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक और घायलों के परिजन बड़ी संख्या में अस्पताल परिसर में जमा हो गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार सुबह किया जाएगा।

जलवायु परिवर्तन को देखते हुए खरीफ फसलों के चयन की रणनीति किसान खुद बनाएं : डॉ. पचौरी

नीमच। जहां देश एक कृषि प्रधान देश है और देश की अर्थ व्यवस्था कृषि पर आधारित है। जो सीधे - सीधे किसान से जुड़ी हुई है। मध्य प्रदेश में एक ओर जहां सोयाबीन एक प्रमुख खरीफ फसल है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन के कारण सोयाबीन में नई- नई समस्याएं आती जा रही है। विगत वर्षों को देखते हुए जलवायु परिवर्तन एक बहुत बड़ी एवं विकराल समस्या बन गई है। जिससे जिले में कई वर्षों से खरीफ सोयाबीन फसल पर जलवायु परिवर्तन के कारण कहीं अत्यधिक वर्षा (अतिवृष्टि), कहीं सूखा की स्थिति (ड्राई स्पेल), कहीं कीट-व्याधि का अत्यधिक प्रकोप, कही अफलन, कही फोर्स मेच्यारिटी देखने में आ रही है परिणाम स्वरुप सोयाबीन का उत्पादन किसान की सोच के अनुरुप नहीं मिलता एवं किसान अपने आपको ठगा सा महसूस करता है।

विगत वर्षों के अनुभवों एवं मौसम की मार को देखते हुए जिले के किसान भाईयों से आग्रह है कि आगामी खरीफ 2026 की रणनीति वे अपने खेत की दशा एवं अपने संसाधनों को देखते हुए बनाएं एवं उसका अनुसरण करें। वैज्ञानिक दृष्टि से किसानों को विभिन्न बिन्दुओं पर अभी से कार्य करने की आवश्यकता है। वर्तमान फसल कटाई के बाद फसल अवशेष (नरवई) में आग न लगाएं बल्कि उसे जुताई (डीप प्लोईग) करके मिट्टी में ही मिला दे। ताकि खेत में कार्बनिक मेटर की पूर्ति हो और पोरस्पेस बढ़ सकें।

अपने खेत की मिट्टी की जांच करा ले ताकि आगामी खरीफ फसल में संतुलित मात्रा में पोषण (उर्वरको) की पूर्ति की जा सकें।

फसल विविधिकरण पर ध्यान दें। सोयाबीन के स्थान पर अपने जिले में खाद्यान्न फसलों में मक्का फसल तथा तिलहन फसलों में खरीफ मूंगफली एवं दलहन फसलों में उड़द, मूंग तथा औषधीय फसलों में अश्वगंधा, तुलसी, कालमेघ तथा नवाचारी फसलों में न्यूट्री फसल चिया की खेती कर सकते है। साथ ही विगत वर्षों में वैज्ञानिक अनुसंधानों एवं किसानों के अनुभव को देखते हुए लाभ की दृष्टि से ये फसले सोयाबीन की अपेक्षा जिले में अच्छा परिणाम दे रही है। किसान भाई यथासम्भव इन फसलों पर शिफ्ट हो सकते है। फसल विविधिकरण से किसान अपने रिस्क को कवर कर सकते है साथ ही संसाधनों का समुचित उपयोग कर सकते है एवं मोनो क्रॉपिंग से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है।

यदि कोई किसान भाई सोयाबीन फसल ही लगाने के लिए बाध्य हो तो वैज्ञानिक अनुसंशा के साथ उन्नत किस्मों राजसोया - 18, राजसोया - 24, एनआरसी- 86, जे. एस. 2034, आर.वी.एस. 2011-35 का एवं उन्नत पद्धतियों का जैसे रिज फरो, रेन्ड बेड और ब्रॉड बेड पद्धतियों से बुवाई करें। किसान भाई पुरानी /ओल्ड वेराइटी जैसे जे. एस. 95-60 कदापि नहीं लगाए। मृदा दशा सुधारने हेतु एवं लेट खरीफ अथवा अर्ली रबी फसल लगाने वाले किसान यथा सम्भव हरी खाद जैसे ढेंचा, सनई, चौला या अन्य दलहन फसल लगाकर उसे फूल अवस्था से पहले खेत में मिला दे।

बस चालक को 2 वर्ष का सश्रम कारावास

मनासा। भूपेन्द्र आर्य, न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, जनपद मनासा, जिला-नीमच द्वारा लापरवाही व उतावले पूर्वक बस चलाकर विद्युत तार से अड़ाकर करंट से एक व्यक्ति की मृत्यु कारित करने वाले आरोपी दिनेश पिता भोना सीकलीगर, उम्र-61 वर्ष, निवासी-जुनासात मोहल्ला, तहसील-मनासा, जिला-नीमच को धारा 304ए भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। एडीपीओ श्री अरविंद सिंह थापक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 10 वर्ष पूर्व दिनांक 01.10.2016 की शाम के लगभग 5 बजे ग्राम पिपल्यारूंडी मार्ग की हैं। घटना दिनांक को पिंकेश बांछड़ा, रवि बांछड़ा व शानु बांछड़ा तीनो मोटरसायकल से ग्राम पिपल्यारूंडी स्थित उसके घर से सामान लेने के लिये ग्राम सरवानिया जा रहे थे। रास्ते में बिहारी के खेत के पास उन्हें ग्वाला बस खड़ी हुई दिखाई दी, जिसके ड्राईवर आरोपी दिनेश ने तीनों को रोका और कहाँ की बस खराब हो गई हैं, इसलिये धक्का लगा दो। तीनों ने बस को धक्का लगाया, जिससे बस तो स्टार्ट हो कर चलने लग गई किन्तु आरोपी को जानकारी होते हुवे भी बस को बिजली के तार से अड़ा दी।

डोडाचूरा तस्कर को 11 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,25,000 लाख रूपये अर्थदंड

जावद। विनोद कुमार पाटीदार, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट), जावद जिला-नीमच द्वारा दो प्लास्टीक के कट्टों में 54 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले आरोपी दिलीपसिंह पिता राजसिंह राठौड़ राजपूत, उम्र-54 वर्ष, निवासी-मकान नंबर सी-21, चन्द्रशेखर आजाद नगर, भीलवाड़ा (राजस्थान) को धारा 8/15(सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 11 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,25,000लाख रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 09 वर्ष पूर्व दिनांक 20.07.2017 की सुबह के लगभग 10 बजे डिकेन-कंजार्डा कच्चे रास्ते की हैं। थाना रतनगढ़ की डिकैन चौकी में पदस्थ एएसआई देवेन्द्र सिंह सेंगर को मुखबीर सूचना मिली, कंजार्डा फंटा डिकेन कच्चे मार्ग पर नाकाबंदी की गई, जहाँ पर मुखबीर द्वारा बताये नंबर की आई-20 कार आती हुई दिखाई दी, जिसको रोका गया व कार चलाने वाले का नाम पुछे जाने पर उसने अपना नाम दिलीपसिंह बताया तथा साथ बैठे व्यक्ति ने उसका नाम देवेन्द्रसिंह बताया। कार की तलाशी लिये जाने पर उसकी डिक्की में प्लास्टीक के दो कट्टे में कुल 54 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा रखा था। आरोपीगण द्वारा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की राजस्थान में तस्करी की जा रही थी, जिस कारण दोनो आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया तथा डोडाचूरा व कार को जप्त किया जाकर उनके विरूद्ध थाना रतनगढ़ में अपराध पंजीबद्ध किया गया और आवष्यक अनुसंधान के उपरांत अभियोग-पत्र विशेष न्यायालय, जावद में प्रस्तुत किया गया। एक आरोपी देवेन्द्रसिंह के फरार हो जाने से आरोपी दिलीपसिंह के संबंध में विचारण उपरांत यह निर्णय पारित किया गया हैं। विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक अरविंद शर्मा द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर आरोपीगण द्वारा वाणिज्यीक मात्रा से अधिक अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की अंतर्राज्यीय तस्करी किये जाने के अपराध मेंआरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया।

एक नजर — 3 फर्मो का आकस्मिक निरीक्षण कर लिए 7 नमूने, अप्रैल माह में जिले से 38 सैंपल लेकर जांच हेतु भेजे

नीमच शहर में खाद्य औषधि प्रशासन टीम की कार्रवाई

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं अपर कलेक्टर बी.एस.कलेश के मार्गदर्शन में खाद्य एवं प्रशासन नीमच की टीम ने नीमच शहर में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आकस्मिक निरीक्षण कर, जांच के नमूने लिए तथा सुधार सूचना पत्र जारी किए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू सोलंकी ने बताया, कि टीम द्वारा फर्म आशीर्वाद इंटरप्राइजेज कंचन नगर नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर, पेकिंग हो रहे खाद्य पदार्थ नीमच गोल्ड रिफाइंड सोयाबीन तेल एवं टैंकर से रिफाइंड सोयाबीन तेल, के 2 नमूने लिए गए एवं मौके पर पर्याप्त साफ, सफाई नहीं होने, आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया है। फर्म गोयल सेल्स कार्पोरेशन बंगला नंबर 59 नीमच का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर विक्रय एवं पेकिंग हेतु भंडारित खाद्य पदार्थ रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना लिया। फर्म होटल श्री गणेश रतन महाराज का ढाबा नीमच का आकस्मिक निरीक्षण टीम ने किया। मौके पर खाद्य पदार्थ का निर्माण होते पाया गया एवं खाद्य विक्रय ग्राहकों को

किया जा रहा था। परिसर में बैठक व्यवस्थाओं पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा खाद्य पदार्थ को विक्रय कर, परोसा जा रहा था। मौके पर टीम द्वारा खाद्य पंजीयन/ लाइसेंस बाबत जानकारी चाही गई, जिस पर मौजूद फर्म संचालक रतन शर्मा ने खाद्य पंजीयन अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं की एवं बिना खाद्य पंजीयन / अनुज्ञप्ति के फर्म पर खाद्य पदार्थ का निर्माण विक्रय भंडारण आदि होना पाया गया, जो खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन होने से फर्म होटल गणेश रतन महाराज का ढाबा पर तत्काल खाद्य निर्माण क्रय विक्रय खाद्य पंजीयन/अनुज्ञप्ति प्राप्त करने तक बंद कराया गया। टीम ने मौके पर विक्रय हेतु भंडारितत खाद्य पदार्थ पनीर, दही, रबड़ी, नमकीन छाछ के कुल 4 नमूने मानक स्तर की जांच हेतु लिए गए। मौके पर कार्यरत कर्मचारियों मेडिकल प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त अधिनियम की धारा 32 के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। इसी तरह टीम द्वारा 22 अप्रैल को दो फर्मों का आकस्मिक निरीक्षण कर नमूने लिए। फर्म नवकार फूड प्रोडक्ट्स औद्योगिक क्षेत्र नीमच से निर्मित आटा का नमूना लिया गया।

फर्म कृष्णा फैमिली रेस्टोरेंट डूंगलवादा का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर विक्रय हेतु भंडारित खाद्य पदार्थ पनीर, दही, छाछ नमकीन के 3 नमूने लिए गए एवं कमियां पाए जाने पर धारा 32 के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया है। समस्त खाद्य कार्यकर्ताओं को मौके पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 एवं नियमों का पालन करने निर्देश दिए और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों के निर्माण के भी निर्देश दिए गए।